# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
# इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611


पत्रांक– 2149 / FP/UK/ROAD/7842/2014 :देहरादूनः दिनांकः 09 मार्च, 2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय,
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषयः– जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत विरतोला–विलकोट मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून, उत्तराखण्ड के कार्यालय पत्रांक 08बी/यू0सी0पी/06/25/2015/एफ0सी0/1970, दिनांक 23.11.2015।

महोदय,

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा विषयांकित प्रकरण में कतिपय शर्तों के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गई है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों की अनुपालन आख्या वन संरक्षक, उत्तरी कुमांऊ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा की पत्र संख्या–4016/12–1 (2) दिनांक 23.02.2022 **(प्रति संलग्न)** के द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गई है जो कि निम्नानुसार संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैः–

| क्र0सं0 | विधिवत की शर्ते | शर्तो का अनुपालन |
|---|---|---|
| 1. | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रत्यावर्तित भूमि के बदले 12.2790 है0 ग्राम उखेडा सिविल सोयम भूमि वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्षो तक रखरखाव हेतु वर्षो तक रखरखाव हेतु विस्तृत वृक्षारोपण योजना की एक प्रति भी क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करनी होगी। उक्त भूमि वन विभाग के स्वामित्व के बाहर हैं अतः इसे वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरण एवं नामान्तरण किया जायेगा। भूमि का हस्तान्तरण एवं नामान्तरण करने के पश्चात ही इस कार्यालय द्वारा विधिवत स्वीकृति प्रदान की जायेगी। | **शर्त संख्या 01** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 12.2790 है0 ग्राम उखेडा सिविल सोयम भूमि वन विभाग के नाम नामान्तरित/हस्तान्तरित की जा चुकी है, तथा क्षतिपूरक वृक्षारोपण एंव 10 वर्षो तक रखरखाव हेतु रू0 2827878 (अठाईस लाख सत्ताईस हजार आठ सौ अठत्तर रू0) मात्र सम्बन्धित विभाग के पक्ष में जमा की जा चुकी है, एंव सम्बन्धित भूमि वन विभाग के नाम नामान्तरित/हस्तान्तरित की जा चुकी है। **{मियूटेशन रिर्पोट संलग्न}** |
| 2. | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भारत सरकार के पत्र संख्या 5–3/2007–एफ.सी. दिनांक 05.02.2009 के तहत दिये गये आदेशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन.पी.वी.) की निर्धारित राशि जमा की जायेगी। | **शर्त संख्या 02** के अनुपालन में विभाग द्वारा भारत सरकार के पत्र संख्या 5–3/2007–एफ0सी0 दिनांक 05.02.2009 के तहत दिये गये निर्देशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन0पी0बी0) रू0 4288365 (बयालिस लाख अठासी हजार तीन सौ पैन्सठ रू0) मात्र की धनराशि निर्धारित खाते में जमा की जा चुकी है। **{संलग्न– डिमाण्ड नोट सत्यापिन प्रति}** |
| 3. | शुद्ध वर्तमान मूल्य की दर में अगर बढ़ोतरी होती है तो बढ़ी हुई दर के अनुसार अतिरिक्त धनराशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा की जायेगी। इस आशय की प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वचन वद्धता | **शर्त संख्या 03** के अनुपालन में विभाग वचनबद्ध होगा कि सक्षम स्तर से यदि एन0पी0बी0 की दरों में बढ़ोतरी होती है, तो विभाग द्वारा धनराशि जमा करायी जायेगी।**( प्रमाण पत्र संलग्न)** |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रस्तुत की जाय। | |
| 4. | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भारत सरकार के पत्र संख्या 5–3/2007–एफ.सी. दिनांक 05.02.2009 के द्वारा दिये गये आदेशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन.पी.वी.) तथा दूसरी सभी निधिया प्रतिपूर्ति वृक्षारोपण निधि प्रबन्धन तथा योजना प्राधिकरण (CAMPA ) के तदर्थ निकाय खाता संख्या 0371001025229 कार्पोरेशन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम), ब्लॉक –11 भूतल, सी0जी0ओ0 काम्पलैक्स, फेज–1,लोधी रोड नई दिल्ली–110003 में जमा कराया जाए एवं इस कार्यालय को सूचित किया जाय। | **शर्त संख्या 04** के अनुपालन में भारत सरकार के पत्र संख्या 5–3/2007–एफ0सी0 दिनांक 05.02.2009 के तहत दिये गये निर्देशानुसार एन0पी0बी0 तथा दूसरी सभी निधिया प्रति पूर्ति वृक्षारोपण निधि प्रबन्धन तथा योजना प्राधिकरण के निर्धारित खाता संख्या में जमा करायी जा चुकी है। ( भुगतान प्रति संलग्न )। |
| 5. | सड़क निर्माण के पश्चात जहां संभव हो सड़क के दानों किनारों तथा Central Verge पर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अपने व्यय पर वन विभाग देख रेख में Strip plantation की जाएगी। इस आशय की वचन वद्धता प्रेषित करनी होगी। | **शर्त संख्या 05** के अनुपालन में विभाग द्वारा निर्माण के पश्चात जहॉ–जहॉ सम्भव हो सड़क के दोनों किनारों तथा Central Verge पर अपने व्यय पर वन विभाग की देख–रेख में Strip Plantation किया जायेगा। |

**उक्त के अतिरिक्त विधिवत स्वीकृति हेतु अन्य आवश्यक शर्तो का भी अनुपालन किया जाएगा।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन भूमि की विधिक परिस्थिति नहीं बदली जायेगी। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 2. | एन.पी.बी. की दरों में अगर बढ़ोत्तरी होती है तो प्रयोक्ता अभिकरण बढ़ी दरों पर एन.पी.बी. देने के लिए बाध्य होगी। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 3. | प्रतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित प्रतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित 12.2790 है0 सिविल एवं सोयम भूमि को छः माह के अन्दर भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अन्तर्गत आरक्षित /संरक्षित वन घोषित किया जायेगा तथा नोडल अधिकारी द्वारा अधिसूचना की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित की जायेगी। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 4. | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वन क्षेत्र के आस–पास मजदूरों/स्टॉफ के लिये किसी भी प्रकार का लेबर कैम्प नहीं लगाया जायेगा। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 5. | प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों एवं स्टॉफ के लिए रसोई गैस/ कैरोसिन तेल की आपूर्ति की जायेगी, जिससे निकटवर्ती वनों को क्षति न पहुंचे। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 6. | परियोजना के निर्माण व रख–रखाव के दौरान आस–पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एंव जीव–जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचायी जायेगी। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 7. | वन भूमि का प्रयोग प्रस्ताव में दर्शाये गये प्रयोजन के अलावा अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 8. | कम से कम वृक्षों का कटान/पातन किया जाएगा, जिनकी संख्या प्रस्ताव के अनुसार 268 से अधिक न हो। हालांकि प्रारम्भ में मात्र 210 वृक्षों के पातन की ही स्वीकृति प्रदान की जाती है एंव यदी आवश्यक्ता हो तो 210 वृक्षों के पातन के अतिरिक्त वृक्षों पातन की स्वीकृति असाधारण परिस्थितियों में संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रदान की जा सकती है परन्तु यह स्वीकृति किसी भी परिस्थिति में 268 वृक्षों के पातन से अधिक नही होगी। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 9. | प्रयोक्ता अभिकरण वन विभाग की देख रेख में प्रत्यावर्तित भूमि का आर0सी0सी0 पिलर लगाकर सीमाकंन करेगा जिन पर Forward and Back | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |

| | | |
|---|---|---|
| | bearing अंकित किया जायेगा। | |
| | परियोजना निर्माण से उत्सर्जित मलवे का निस्तारण प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तुत मलवा निस्तारण योजना के अनुसार प्रभागीय वनाधिकारी की देख–रेख में किया जाएगा एवं निर्दिष्ट स्थानों के अलावा अन्यत्र मलवा नहीं फेंका जाएगा। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 11. | यदि कोई अन्य सम्बन्धित अधिनियम/अनुच्छेद/नियम/न्यायालय आदेश/अनुदेश आदि इस प्रस्ताव पर लागू होते हैं तो उनके अधीन जरुरी अनुमति लेना राज्य सरकार/प्रयोक्तएजेंसी की जिम्मेदारी होगी।यदि विधिवत् स्वीकृति में दी गई शर्तो का संतोषजनक अनुपालन नहीं किया जाता है तो स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकता है। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 12. | ऐसी उन्य कोई भी शर्त जो कि भारत सरकार भविष्य में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण हेतु आवश्यक समझे। | वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न। |

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत विधिवत स्वीकृति निर्गत किये जाने पर विचार करने का कष्ट करें।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षण
एवं नोडल अधिकारी,वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या– / FP/UK/ROAD/7842/2014 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वन संरक्षक, उत्तरी कुमांऊ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।
3. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, डीडीहाट, पिथौरागढ़।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षण
एवं नोडल अधिकारी,वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।